वार्षिक रिपोर्ट
2015-16

FORUM OF REGULATORS
FOR

विनियामक फोरम (एफओआर)

वार्षिक रिपोर्ट
2015-16

विनियामक फोरम

विनियामक फोरम (एफओआर)
सचिवालयः मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ),
तृतीय एवं चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग,
36 जनपथ, नई दिल्ली – 110 001
दूरभाषः +91–11–23753920
फैक्सः +91–11–23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2015–16 के दौरान विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श करने और विवेचनीय विषयों पर सहमति तैयार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए पर्याप्त उपाए किए।

फोरम ने ''क्रॉस सब्सिडी में कमी के लिए रोड मैप'' के संबंध में एक अध्ययन आरंभ किया। अध्ययन ने श्रेणीवार आपूर्ति की लागत की गणना के लिए सिफारिश की। आपूर्ति लागत के विस्तृत अध्ययनों की अनुपस्थिति में, राज्य विद्युत विनियामक आयोग सरलीकृत दृष्टिकोण (आपूर्ति की वोल्टेज–वार लागत पर आधारित) का प्रयोग कर सकता है तथा एक सन्निहित लागत दृष्टिकोण अपनाने के लिए एक नियत टाईम–फ्रेम निर्धारित कर सकता है और ग्राहक की आपूर्ति लागत के टैरिफ को संरेखित करने के लिए नियत टाईम–फ्रेम के साथ एक रोडमैप परिभाषित किया जाना चाहिए। इसके आगे यह भी सुझाव दिया गया कि जिन राज्यों में ग्राहक श्रेणियों की एसीओएस +/– 20% रेंज के बाहर हैं, उन्हें उद्देश्य +/– 20% रेंज के अंदर जाना चाहिए। अगले कदम के रूप में, राज्यों को सरलीकृत दृष्टिकोण अपनाते हुए आपूर्ति की लागत को मापना चाहिए और संबंधित ग्राहक श्रेणी की इस आपूर्ति की लागत से खुदरा आपूर्ति टैरिफों को संरेखित करना चाहिए। बाद में, वे राज्य जिन्होंने टैरिफ नीति और विद्युत अधिनियम, 2003 के उद्देश्य को पहले ही प्राप्त कर लिया है, उन्हें आपूर्ति की लागत को मापने के लिए अंतः स्थापित लागत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और वर्ष दर वर्ष टैरिफ तर्कसंगतता के माध्यम से श्रेणी–वार लागत कवरेज को बनाए रखना जारी रखना चाहिए। ग्राहक द्वारा प्राप्त की जाने वाली क्रॉस सब्सिडी, ग्राहक के बिल विवरणों में एक पृथक मद के रूप में दर्शाई जानी चाहिए। विद्युत ग्राहकों के लिए, उनके पैन / आधार कार्ड से लिंक किए गए, केवाईसी मानदंड आरंभ किए जा सकते हैं, जो कि भविष्य में, ग्राहक के बैंक खाते में सब्सिडी सीधे अंतरित करने के लिए उपयोग किए जा सकते हैं।

फोरम ने ''स्मार्ट ग्रिड के संबंध में मॉडल विनियम'' प्रकाशित किया, जिसमें मॉडल विनियमों के उद्देश्य और दायरा, स्मार्ट ग्रिड सैल के गठन, इसकी भूमिका और दायित्व, स्मार्ट ग्रिड योजना/कार्यक्रम/परियोजनाओं के जीवन चक्र और मॉडल विनियमों के अन्य विविध प्रावधानों से संबंधित मामले हैं। फोरम ने राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों में उपयोग के लिए ड्राफ्ट मॉडल स्मार्ट ग्रिड विनियमों को प्रचारित किया।

फोरम ने विद्युत बिल, जो कि "समझने में आसान हो, जांचने में सरल हो और भुगतान कैसे किया जाए, यह समझने में आसान हो", के लिए एक मानकीकृत प्रारूप प्रस्तावित करने के लिए कार्यकारी समूह के माध्यम से "विद्युत बिल के मानकीकरण" के संबंध में कार्य किया। फोरम ने यथानुपात आधार में अल्पावधि बिलिंग का परिहार करते हुए अपनी रिपोर्ट में निर्णय लिया कि 30 दिनों का बिल चक्र अंगीकार किया जाना चाहिए। इसके आगे फोरम ने बिलिंग प्रारूप और बिलिंग अवधि में परिवर्तनों को दर्शाने के लिए आपूर्ति कोड के संबंध में राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अधिसूचित विनियमों में आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया।

वर्ष के दौरान, फोरम ने ''विनियामक फोरम'' रिपोर्ट का सार–संग्रह (50 रिपोर्ट सहित 7 खंड), "विनियामक फोरम" बैठकों के कार्यवृत्त का सार–संग्रह (7 खंड, 2005 और मार्च, 2015 के बीच हुई बैठकों के संबंध में) जारी किया।

फोरम ने अस्थिर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (पवन और सौर) के लिए ''पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और असंतुलन से निपटने के संबंध में रूपरेखा'' के संबंध में मॉडल विनियमों (राज्य स्तर) को प्रकाशित किया। मॉडल विनियमों का उद्देश्य ग्रिड ऑपरेटरों को डे–अहेड और आवर–अहेड दृश्यता की सुविधा इसलिए प्रदान करना है कि कितनी नवीकरणीय विद्युत इंजेक्ट किए जाने की अपेक्षा है जो उन्हें 'नेट लोड' का अनुमान लगाने की अनुमति देता है और नेट लोड के अप और डाउन रैंपों के लिए योजना बनाता है; नवीकरणीय ऊर्जा की निहित परिवर्तनशीलता और अनिश्चितता से निपटते समय, बिना बैकिंग–डाउन हानियों के, उत्पादनकर्ताओं को ग्रिड के साथ स्थायी तरीके से एकीकृत किया जाए; और सटीक पूर्वानुमान के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना और शेड्यूल से मेगावाट विचलनों को कम करना।

फोरम द्वारा की गई पृष्ठभूमि में प्राथमिक रूप से उतरदायित्व अब सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए एसईआरई/जेईआरसी का है। फोरम इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के विचारविमर्श करने में लगा रहा है ताकि उन विवेचनीय मुददों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों का पता लगाया जा सके जिससे विद्युत क्षेत्र में चहुमुखी विकास में बाधा पहुंच रही है। हम फोरम के आदेश को पूरा करने में सभी स्टेक होल्डरों से सतत सहायता की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय सूची

1. **विनियामक फोरम** 7

2. **विनियामक फोरम की गतिविधियां** 9

2.1 विनियामक फोरम की बैठक 9

6 अप्रैल, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 47वीं बैठक 9

10 से 11 जून, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 48वीं बैठक 9

27 जुलाई, 2015 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित विनियामक फोरम की 49वीं बैठक 10

30 सितम्बर, 2015 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित विनियामक फोरम की 50वीं बैठक 10

30 नवम्बर, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 51वीं बैठक 10

फरवरी, 2016 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 52वीं बैठक 11

18 मार्च, 2016 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 53वीं बैठक 11

2.2 पूरे किए गए अध्ययन 11

क्रॉस सब्सिडी में कटौती के लिए रोड मैप 11

विद्युत की खुदरा बिक्री में प्रतिस्पर्धा के आरंभ के लिए योजना का रोल आउट 12

विद्युत बिल का मानकीकरण 13

वितरण प्रयोज्यताओं का प्रदर्शन 14

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम 14

21–22 नवंबर, 2015 से आईआईटी कानपुर में 9 वीं क्षमता निर्माण कार्यक्रम और उसके बाद 24–26 नवंबर, 2015 को सिंगापुर में। कार्यक्रम के दौरान शामिल प्रमुख विषय इस प्रकार हैं
25 वें –26 फरवरी, 2016 से राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में सीजीआरएफ और 14

लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हितों की सुरक्षा'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। कार्यक्रम के दौरान शामिल मुख्य विषय इस प्रकार हैं
28 से 29 मार्च, 2016 तक राष्ट्रीय शक्ति प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में ''विनियमों के विधिक पहलु'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। कार्यक्रम के दौरान शामिल किए गए प्रमुख विषय नीचे दिए गए हैं 15

3. **वर्ष 2015–16 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकाय की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी)** 16

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग 16

असम विद्युत विनियामक आयोग 16

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 18

अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

बिहार विद्युत विनियामक आयोग 18

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग 19

गुजरात विद्युत विनियामक आयोग 19

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग 19

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 19

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा एवं यूपी) 20
संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर एवं मिजोरम) 20
जम्मू एवं कश्मीर राज्य विद्युत विनियामक आयोग 20
झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग 20
कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग 21
केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21
महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग 22
मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 22
मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग 22
नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग 22
ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग 22
पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग 23
राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग 23
सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग 23
त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग 24
तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग 24
तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग 24
उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 24
उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग 24
पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग 25
वर्ष 2014–15 और 2015–16 के लिए डीवीसी का टैरिफ आदेश 25

4. राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित मुद्दों पर स्थिति रिपोर्ट 26

5. राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष की सूची 27

6. वार्षिक लेखापरीक्षित लेखा 29

अनुबंध–I
केविविआ के टैरिफ अनुसूचियां उत्पादन टैरिफ 45

अनुबंध–II
राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के आदेश जारी करने की समयबद्धता 51

अनुबंध–III
सीजीआरएफ और लोकपाल की कार्यपद्धति 56

1 विनियामक फोरम

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।'

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनत्तम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डो में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए; और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों (विविआ) को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। अब 1998 के अधिनियम को विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम की शुरुआत से विद्युत विनियामक आयोगों के कार्यकलाप विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका के साथ साथ इसे सरकार को परामर्श कार्य भी निर्दिष्ट किए गए हैं। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग, जेईआरसी (मणिपुर एवं मिजोरम) तथा जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी 2003 के अधिनियम के बाद गठित किए गए थे।

इस फोरम को 2003 के अधिनियम की धारा 166(2) के अंतर्गत उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी 2005 की विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से गठित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा तैयार किए गए विद्युत क्षेत्र में विनियमनों में एकरूपता प्राथमिक उद्देश्य था।

केन्द्रीय सरकार ने विनियामक फोरम के लिए निम्नलिखित नियम भी बनाए हैः–

❖ फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

❖ फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थात :–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्य कुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एक रूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर

करना;

- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से या इन हाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्यकुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

❖ फोरम का वित्त

- केन्द्रीय सरकार फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।

❖ मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार है:–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

2 फोरम की गतिविधियां

2.1 विनियामक फोरम की बैठक

फोरम ने वर्ष के दौरान सात बैठकें आयोजित कीं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाई।

6 अप्रैल, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 47वीं बैठक

- फोरम को स्मार्ट ग्रिड पर ड्राफ्ट मॉडल विनियमों से अवगत कराया गया। मॉडल विनियमों के उद्देश्य और दायरे से संबंधित मुद्दे, स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं में निवेश, टैरिफ डिजाइन, स्मार्ट ग्रिड से संबंधित सुरक्षा और मानक, ग्राहक जुड़ाव और स्मार्ट ग्रिड, स्मार्ट ग्रिड सेल और नोडल अधिकारी, स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन का आकलन और मॉडल विनियमों के अन्य विविध प्रावधानों पर चर्चा की गई। फोरम ने एक कार्यकारी समूह का गठन करने का निर्णय लिया जो प्रस्तावित मसौदा विनियमों में विस्तार से जा सकता है और एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है।
- फोरम ने ''क्रॉस सब्सिडी में कटौती के लिए रोड मैप'' के संबंध में रिपोर्ट पर विचार किया और प्रगतिशील तरीके से क्रॉस सब्सिडी कम करने की आवश्यकता का समर्थन करने वाली रिपोर्ट को फोरम के साथ मंजूरी दी गई।
- विद्युत मंत्रालय द्वारा टैरिफ नीति में प्रस्तावित संशोधनों पर अद्यतन स्थिति को उजागर करते हुए फोरम को ''टैरिफ नीति में संशोधन'' से अवगत कराया गया। चर्चा के बाद, फोरम ने विद्युत मंत्रालय द्वारा आगे की जांच के लिए टैरिफ नीति में प्रस्तावित संशोधनों से संबंधित कुछ पहलुओं का सुझाव दिया।

10 से 11 जून, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 48वीं बैठक

- फोरम ने पहले ही संपन्न विद्युत क्रय करार (पीपीए) और जहां कोयले की खदानों के अधीन नीलामी की गई या आबंटित कोयले की खदानों से कोयला प्राप्त किया जा रहा है, के अधीन वितरण अनुज्ञप्तिधारी को उत्पादनकारी कंपनी द्वारा विद्युत की आपूर्ति के लिए ऊर्जा प्रभारों की समीक्षा और अवधारण के संबंध में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने उपयुक्त ईआरसी द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए नोट किया।
- फोरम को प्रयास एनर्जी ग्रुप द्वारा ''विद्युत आपूर्ति निगरानी पहल'' (ईएसएमआई) के बारे में अवगत कराया गया। समूह ने सूचित किया कि कम वोल्टेज, बार–बार रुकावट और लोड शेडिंग भारत में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय है और आपूर्ति गुणवत्ता के बारे में विश्वसनीय डेटा अक्सर गायब रहता है, जो वितरण कंपनियों को जिम्मेदार ठहराने की उपभोक्ताओं की क्षमता को बाधित करता है। फोरम ने पहल की सराहना की।
- फोरम ने ''विद्युत की खुदरा बिक्री (कैरिज और सामग्री का पृथक्करण) में प्रतिस्पर्धा के आरंभ के लिए रोल आउट योजना'' के संबंध में अध्ययन रिपोर्ट पर विचार किया। फोरम ने फैसला किया कि अध्ययन में सुझाए गए दृष्टिकोणों के अलावा, एक रूपरेखा जिसमें प्रतिस्पर्धा की चरणबद्धता, अर्थात् आरंभ में 20 किलोवाट और इससे कम के लिए संबद्ध भार के साथ उपभोक्ताओं के लिए प्रतिस्पर्धा को खोलना और धीरे–धीरे प्रतियोगिता को चरणों में ऊपर की तरफ खोलना भी रिपोर्ट में डिजाइन और शामिल किया जा सकता है। फोरम ने पूर्वोक्त अवलोकन के साथ अध्ययन रिपोर्ट को विद्युत मंत्रालय को अग्रेषण के लिए अनुमोदन दे दिया गया है।
- फोरम ने विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2014 के संबंध में संसद के समक्ष रखी गई ऊर्जा पर स्थायी समिति (2014–15) की सिफारिशों को नोट किया।
- फोरम ने विभिन्न मुद्दों और पारेषण संकुचन से संबंधित मुद्दों के संबंध में श्री आर.वी.शाही की अध्यक्षता में उप–समिति की रिपोर्ट पर केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्यों के साथ बातचीत भी की।

- फोरम ने स्मार्ट ग्रिड के संबंध में ड्राफ्ट मॉडल विनियमों पर कार्यकारी समूह की सिफारिशों पर विचार किया और एसईआरसी / जेईआरसी के बीच प्रसार के लिए मॉडल विनियमों को मंजूरी दी।
- फोरम ने दिल्ली सरकार के एनसीटी (जीएनसीटीडी) द्वारा डीईईआरसी से ''दिल्ली में विद्युत दरों में वृद्धि'' के संबंध में मांगे गए स्पष्टीकरण और जीईआरसीटीडी को डीईआरसी के उत्तर से संबंधित मामले को नोट किया।
- फोरम ने टैरिफ उद्देश्यों के लिए एक संदर्भ के रूप में विचलन व्यवस्थापन तंत्र प्रभार / यूआई प्रभार के उपयोग से संबंधित मामले पर विचार किया और सहमति व्यक्त की कि डीएसएम / यूआई प्रभार का उपयोग किसी भी उत्पादन के टैरिफ के भुगतान के लिए संदर्भ के रूप में नहीं किया जा सकता है।
- फोरम को मसौदा रिपोर्ट और ''वितरण यूटीलिटी के प्रदर्शन'' के संबंध में अध्ययन के निष्कर्षों से अवगत कराया गया।

27 जुलाई, 2015 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित विनियामक फोरम की 49वीं बैठक

- फोरम ने केविविआ के साथ अपनी बैठक के दौरान ''सीपीपी की नवीकरणीय ऊर्जा स्थिति, विशेषकर बैगास आधारित सह–उत्पादन – जीवाश्म ईंधन के उपयोग की तुलना में वरीयता फीड–इन–टैरिफ के लाभ'' से संबंधित मुद्दों पर ऊर्जा पर स्थायी समिति की टिप्पणियों को नोट किया। फोरम ने फैसला किया कि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित सह–उत्पादन संयंत्रों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग वार्षिक आधार पर कैलोरिफिक वैल्यू के संदर्भ में 15% तक सीमित होना चाहिए। राज्य स्तर पर, ईआरसीसी उपरोक्त सीमा के अनुपालन की निगरानी के लिए एक ''नोडल एजेंसी'' नामित कर सकती है।
- फोरम ने "मांग पक्ष प्रबंधन में विद्युत विनियामक आयोगों में सर्वश्रेष्ठ आचरण और वितरण में ऊर्जा दक्षता" के संबंध में ऊर्जा पर स्थायी समिति की टिप्पणियों को नोट किया।
- फोरम ने फैसला किया कि मैसर्स एनर्जी एफिशिएन्सी सर्विसेस लिमिटेड को किए गए डीएसएमएम कार्यक्रमों के प्रभाव के संबंध में समय–समय पर अध्ययन / मूल्यांकन करने के लिए ईआरसी द्वारा नियुक्त किया जा सकता है।
- फोरम ने ''विद्युत बिल के मानकीकरण'' के संबंध में कार्यकारी समूह की मसौदा रिपोर्ट को मंजूरी दी और निर्णय लिया कि प्रो–राटा आधार पर अल्पावधि बिलिंग से बचते हुए 30 दिनों के बिलिंग चक्र को अपनाया जाना चाहिए।
- फोरम ने तमिलनाडु, राजस्थान और गुजरात के राज्य भार प्रेषण केन्द्रों और सीईओ, पोसोको द्वारा की गई प्रस्तुतियों के माध्यम से उठाए गए मुद्दों को नोट किया और फैसला किया कि देश में बढ़ती हुई नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता के मद्देनजर केविविआ पूर्वानुमान और अनुसूचीकरण के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार कर सकता है जो कि उचित रूप से मुद्दों पर ध्यान देगी।
- फोरम ने अंतः राज्य स्तर पर पवन और सौर परियोजनाओं के पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण, विचलन व्यवस्थापन तंत्र के लिए केविविआ की रूपरेखा का समर्थन किया। इसके आगे फोरम ने विनियामक फोरम सचिवालय को केविविआ द्वारा प्रस्तुत व्यापक सिद्धांतों पर आधारित एसईआरसी / जेईआरसी द्वारा फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन से संबंधित ड्राफ्ट मॉडल विनियमों को तैयार करने के लिए निर्देश दिया।

30 सितम्बर, 2015 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित विनियामक फोरम की 50वीं बैठक

- फोरम ने परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (पवन और सौर) के लिए पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और असंतुलन से निपटने के लिए मॉडल विनियमों (राज्य स्तर) का समर्थन किया।
- फोरम को भारत के विद्युत क्षेत्र के प्रदर्शन, सभी के लिए 24X7 विद्युत सहित विषयों पर विभिन्न रिपोर्टों से अवगत कराया गया।

30 नवम्बर, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 51वीं बैठक

- फोरम को राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा कार्पोरेशन लिमिटेड के लिए तैयार आरपीओ फ्रेमवर्क पर ध्यान देने के साथ "राज्य स्तर पर कैप्टिव / ओए संव्यवहारों के लिए आरपीओ अनुपालन फ्रेमवर्क" से अवगत कराया गया। फोरम ने बाद में राज्यों की 4 वितरण यूटिलिटियों को भी शामिल करने के लिए आरईआरसी / कार्यान्वयन एजेंसी को फ्रेमवर्क के दायरे का विस्तार करने की सलाह दी। इसके अलावा, सभी अन्य राज्यों में प्रतिकृति के लिए विनियामकों के फोरम के साथ वेब–टूल्स / प्रारूपों आदि को साझा करने का अनुरोध किया गया था।
- संयुक्त सचिव (वितरण), विद्युत मंत्रालय ने ''उदय योजना'' पर एक प्रस्तुति दी। फोरम ने उदय योजना के विभिन्न प्रावधानों पर विचार–विमर्श किया और सरकार की पहल की सराहना की। फोरम के सदस्यों ने इस योजना के लिए अपना समर्थन और सहयोग दोहराया।

- फोरम को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ संयुक्त रूप से भारत सरकार की पहल के बारे में बताया गया, जिसका उद्देश्य 2019 तक सभी नहीं जुड़े हुए घरों में विद्युत प्रदान करने के अलावा 12वीं योजना के अंत तक मौजूदा उपभोक्ताओं को गुणवत्त् विद्युत की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं को 24x7 विद्युत की आपूर्ति प्रदान करना है। फोरम ने सुझाव दिया कि अपनी समग्रता में पहल की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, विद्युत मंत्रालय उपयुक्त एसईआरसी/जेईआरसी से फीडबैक मांग सकता है और राज्य विनिर्दिष्ट योजना को अंतिम रूप देते समय इस पर विचार कर सकता है।
- फोरम ने विश्वसनीय ग्रिड प्रबंधन और परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बड़े पैमाने पर एकीकरण को प्राप्त करने के लिए राज्यों के लिए रोड मैप के संबंध में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा विद्युत मंत्रालय को दिए गए सांविधिक सलाह का उल्लेख किया।
- फोरम ने दूरसंचार टावरों द्वारा विद्युत के उपयोग के लिए अधिमान्य टैरिफ के लिए टॉवर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर एसोसिएशन (टीएआईपीए) के प्रतिनिधित्व पर दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमसीआईटी) से प्राप्त विचार मांगने वाले संदर्भ पर विचार किया।
- फोरम ने एसईआरसी / जेईआरसी के समक्ष दायर याचिकाओं के लंबित / निपटान की स्थिति की निगरानी करने और उनकी संबंधित वेबसाइटों पर रखने, जैसा कि केविविआ में प्रचलन में है, की प्रथा को अपनाने के लिए विद्युत मंत्रालय से प्राप्त संदर्भों को नोट किया।
- फोरम ने पश्चिम बंगाल में विद्युत क्षेत्र के परिदृश्य के संबंध में डब्ल्यूबीईआरसी द्वारा की गई प्रस्तुति को नोट किया।

2 फरवरी, 2016 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 52वीं बैठक

- सचिव (पावर) बैठक में शामिल हुए और टैरिफ नीति, 2016 की विशेषताओं के बारे में बताया। फोरम ने संशोधित टैरिफ नीति में उल्लिखित उपायों, जैसे कि, संशोधित पुनरीक्षित क्रॉस सब्सिडी फार्मूला, नवीकरणीय ऊर्जा की बंडलिंग, आयातित कोयला की निकासी लागत, क्रॉस सब्सिडी के भुगतान से रेलवे के लिए छूट, कचरे से ऊर्जा संयंत्रों से विद्युत की अनिवार्य खरीद, ट्रांसमिशन प्रभारों और हानियों के लिए पवन और सौर परियोजनाओं की छूट आदि के प्रभाव पर चर्चा की।
- फोरम को संशोधित टैरिफ नीति, 2016 में किए गए खंड–वार संशोधनों और सीईआरसी, एसईआरसी / जेईआरसी और विनियामक फोरम के लिए संशोधनों से उत्पन्न होने वाले कार्रवाई योग्य बिंदुओं से अवगत कराया गया। फोरम ने निर्णय लिया कि सीईआरसी /एसईआरसी/जेईआरसी/विनियामक फोरम द्व ारा की जाने वाली कार्रवाइयों से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन करने और अपनी सिफारिशें फोरम को प्रस्तुत करने के लिए अध्यक्ष, सीईआरसी / विनियामक फोरम द्वारा विनियामक फोरम का एक कार्यकारी समूह का गठित किया जा सकता है।

18 मार्च, 2016 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 53वीं बैठक

- फोरम को आर्थिक सर्वेक्षण, 2015–16 के अध्याय –11 के शीर्षक ''पावरिंग वन इंडिया'' में विद्युत क्षेत्र से संबंधित उठाए गए मुद्दों पर अवगत कराया गया। फोरम ने आर्थिक सर्वेक्षण, 2015–16 में प्रकाशित विद्युत क्षेत्र से संबंधित मुद्दों और अध्याय के संबंध में प्रस्तुति को नोट किया। फोरम ने परामर्श एजेंसी के माध्यम से आर्थिक सर्वेक्षण 2015–16 में प्रकाशित टैरिफों की प्रगति सहित विद्युत क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में एक विस्तृत अध्ययन करने का भी निर्णय लिया।
- फोरम ने लोगो के लिए कार्यकारी समूह द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए विकल्पों पर विचार किया और चयनित लोगो के डिजाइन विशेष विवरणों को नोट किया।
- फोरम ने वितरण कंपनियों के फोरम के गठन के बारे में संयुक्त प्रस्ताव पर विचार किया। फोरम ने अपने सदस्यों के रूप में सभी वितरण यूटिलिटियों को मिलाकर एक संघ / सोसायटी के गठन के लिए पहल की सराहना की और संघ / सोसायटी की गतिविधियों को नोट किया।

2.2 पूरे किए गए अध्ययन

क्रॉस सब्सिडी में कटौती के लिए रोड मैप

क्रॉस सब्सिडी या टैरिफ युक्तिकरण में कमी के मुद्दे को हल करने के लिए, विनियामक फोरम (एफओआर) ने विभिन्न राज्यों में इस संबंध में यूटिलिटियों द्वारा की गई प्रगति का विश्लेषण और क्रॉस सब्सिडी को कम करने के लिए विभिन्न एसईआरसी द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करते हुए, मैसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यूसी) को ''क्रॉस सब्सिडी में कटौती के लिए रोड मैप'' पर अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया। अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित थे:

- विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन यथानिर्दिष्ट टैरिफ डिजाइन, सब्सिडी और क्रॉस सब्सिडी के सिद्धांतों की पहचान और उपयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (आयोगों) द्वारा अधिसूचित टैरिफ नीतियां और विभिन्न विनियम।
- टैरिफ डिजाइन के सिद्धांतों की तुलना में टैरिफ डिजाइन में विभिन्न एसईआरसी द्वारा अपनाए गए टैरिफ और क्रॉस सब्सिडी की प्रकृति और सिद्धांतों और निर्धारकों का व्यापक विश्लेषण।
- क्रॉस सब्सिडी में कमी के लिए एसईआरसी द्वारा अपनाए गए उपायों की पहचान करना, यदि कोई हो।
- क्रॉस सब्सिडी को कम करने की दिशा में अब तक अपनाए गए उपायों में अंतराल की पहचान, यदि कोई हो।
- क्रॉस सब्सिडी के अवधारण के विभिन्न तरीकों की पहचान और विश्लेषण।
- क्रॉस सब्सिडी को कम करने के लिए क्रॉस सब्सिडी और रोड मैप के निर्धारण के लिए एक मॉडल का सुझाव देना।
- सिफारिशें और आगे के रास्ते।

बोली की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मैसर्स प्राइस वाटरहाउस कूपर्स को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया ।

फोरम ने अध्ययन के लिए एक चरणवार दृष्टिकोण अपनाया:

- आरंभिक रिपोर्ट – इस चरण में क्रॉस सब्सिडी के पीछे आर्थिक सिद्धांत को समझना, भारत में क्रॉस–सब्सिडी के लिए विधिक और विनियामक फ्रेमवर्क की समीक्षा और भारत में राज्यों में क्रॉस सब्सिडियों की स्थिति की समीक्षा शामिल थी।
- भारतीय राज्यों में अनुभव की समीक्षा – इस चरण में 2003 से राज्यों के प्रदर्शन की समीक्षा और राज्यों में अपनाई गई आपूर्ति पद्धति की लागत का अध्ययन शामिल था।
- अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा – इस चरण में, सलाहकार ने फिलिपिंस, थाईलैंड, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया में क्रॉस सब्सिडी, संरचना और क्रॉस सब्सिडी के उन्मूलन के लिए उपयोग में लाई गई प्रक्रिया की समीक्षा की।
- भारत के लिए सिफारिशें – विकास के विभिन्न चरणों में भारत में क्रॉस सब्सिडी कम करने के लिए एक रोडमैप विकसित करना।
- ड्राफ्ट रिपोर्ट
- अंतिम रिपोर्ट

रिपोर्ट के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:

- राज्यों के प्रदर्शन की समीक्षा से पता चलता है कि एसईआरसी वित्तीय वर्ष 2010–11 तक क्रॉस सब्सिडियों को आपूर्ति की औसत लागत के +/– 20% के भीतर नीचे लाने के लिए टैरिफ नीति दिशानिर्देशों का पालन करने में असमर्थ थे।
- विद्युत अधिनियम, 2003 के अधिदेश के अनुसार सब्सिडी कवरेज को मापने के लिए आपूर्ति की औसत लागत से श्रेणी–वार आपूर्ति की लागत में जाने की आवश्यकता है। भारत के 29 राज्यों में से, केवल 11 राज्य ही इस अभ्यास को करते हैं।
- क्रॉस सब्सिडी प्रकाशित करने के लिए कार्यप्रणाली में अधिकतर पारदर्शिता आरंभ की जानी चाहिए। क्रॉस सब्सिडी के समापन को कार्यान्वित करने और राजस्व में किसी भी कमी की भरपाई के लिए जो यूटिलिटियों पर यह लगा सकता है, यूनिवर्सल चार्ज मॉडल का सुझाव दिया जाता है।

विद्युत की खुदरा बिक्री में प्रतिस्पर्धा की शुरूआत के लिए रोल आउट योजना

विद्युत मंत्रालय ने विनियामक फोरम से अनुरोध किया कि वे वितरण क्षेत्र में ढुलाई और सामग्री कारोबार को पृथक करने और उपभोक्ताओं को विद्युत के आपूर्तिकर्ता का चयन करने का विकल्प देने के लिए एक मॉडल तैयार करें। इससे मंत्रालय को राज्यों द्वारा उपयोग के लिए ''मॉडल योजना'' सुझाने में मदद मिलेगी। विनियामक फोरम ने ''विद्युत की खुदरा बिक्री में प्रतिस्पर्धा की शुरूआत के लिए रोल आउट योजना'' के संबंध में अध्ययन करने का निर्णय लिया, और अध्ययन के लिए आवश्यक कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए बोली की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से प्राइसवाटरहाउस कूपर्स प्राइवेट लि. (पीडब्ल्यूसी) को नियुक्त किया।

अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- ढुलाई और सामग्री के पृथक्करण के लिए फ्रेमवर्क के संबंध में मौजूदा साहित्य की समीक्षा करेंय
- भारत में विद्युत क्षेत्र के परिदृश्य के संबंध में विद्युत के वितरण में नेटवर्क और आपूर्ति कारोबार के पृथक्करण के लिए वैकल्पिक विविधताओं का सुझाव दें।
- ढुलाई और सामग्री के पृथक्करण के लिए एक मॉडल ढांचा विकसित करें।

असाइनमेंट पूरा करने के लिए, फोरम ने एक चरण वार दृष्टिकोण अपनाया। चरण निम्नलिखित हैं:

- विश्लेषण – इस चरण में, खुदरा आपूर्ति प्रतिस्पर्धा के कार्यान्वयन के लिए मुद्दों की पहचान करने के लिए भारतीय विद्युत क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा की वर्तमान स्थिति,

'भारत में खुदरा विद्युत आपूर्ति में प्रतिस्पर्धाओं का परिचय' के संबंध में विनियामक फोरम की रिपोर्ट, और विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2014 की समीक्षा की गई।

- सिफारिशें – इस चरण में, रोल आउट योजना को अंतिम रूप देने के लिए हितधारकों के साथ परामर्श से खुदरा आपूर्ति प्रतिस्पर्धा की शुरुआत के लिए एक विस्तृत चरणवार योजना तैयार की गई थी। भारतीय राज्यों में विद्युत क्षेत्र के वर्तमान परिदृश्यों के आधार पर मुद्दों के प्रति विभिन्न संभावित दृष्टिकोणों के साथ वैकल्पिक रोल आउट योजना भी तैयार की गई।
- अंतिम रिपोर्ट

अंतिम रिपोर्ट ने खुदरा आपूर्ति प्रतिस्पर्धा शुरू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का सुझाव दिया:

- डिस्कॉम का वितरण और खुदरा आपूर्ति कार्यों में कार्यात्मक पृथक्करण।
- खुदरा आपूर्ति प्रतिस्पर्धा जैसे स्वामित्व पृथक्करण, क्रॉस सब्सिडी में कमी, मीटरिंग का उन्नयन, हानि आबंटन, आदि के लिए अनुकूलित बाजार बनाने की तैयारी।
- खुदरा उपभोक्ता विकल्प देने के लिए नए खुदरा आपूर्ति लाइसेंस शुरू करने की प्रतिस्पर्धा की शुरुआत।

विद्युत बिल का मानकीकरण

विनियामक फोरम ने वर्ष 2015 में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ''विद्युत बिलों के मानकीकरण'' के संबंध में अध्ययन करने और सिफारिशें करने के लिए विनियामक फोरम / केविविआ के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समूह का गठन किया ताकि उपभोक्ताओं के किसी भी वर्ग के लिए बिलों को समझना आसान हो।

अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- सरल विद्युत बिल के एक मानक प्रारूप की सिफारिश करने के लिए जिसे देश में अपनाया जा सकता है।
- विद्युत बिलों की मौजूदा संरचना का अध्ययन करना और एक मानक प्रारूप प्रस्तावित करना जिसे समझना आसान हो, गणना की जांच करना सरल हो और यह जानना आसान हो कि भुगतान कहां और कैसे करना है।

कार्यकारी समूह ने देश में 16 राज्यों के विद्युत बिलों की जांच की और निष्कर्ष निकाला कि विद्युत बिलों में निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं होनी चाहिएं :

- यह सरल और समझने में आसान होना चाहिए।
- फॉन्ट का आकार दृश्यमान और पढ़ने में आसान होना चाहिए।
- जहां भी आवश्यक हो बिल की गणना प्रदान की जानी चाहिए और गणना की विधि भी बिल में इस तरह से मुद्रित होनी चाहिए कि उपभोक्ता प्रभारों की गणना को समझ सके।
- उपभोक्ता की पूरी संपर्क जानकारी और प्रासंगिक पहचान संख्या बिल में उपलब्ध होनी चाहिए ताकि उपभोक्ता को अधिक आसानी से पहचाना जा सके।
- भुगतान की राशि, बिल का महीना और भुगतान की देय तिथि बिल के शीर्ष पर उल्लिखित होना चाहिए।
- बिल में वितरण कंपनी का संपर्क विवरण होना चाहिए ताकि उपभोक्ता किसी भी कठिनाई में उनसे संपर्क कर सकें, और कॉल सेंटर के फोन नंबर और वेबसाइट के पते जैसे अन्य विवरण भी प्रदर्शित करें जहां सभी विवरण उपलब्ध हैं। यदि संभव हो, तो निर्दिष्ट क्षेत्र के क्लाइंट प्रबंधक की फोन नंबर भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
- इसमें पिछली खपत का ब्यौरा और भुगतान का ब्यौरा भी होना चाहिए, विशेषतः पिछले छह महीनों के लिए। यह बिल के पीछे पेज पर दिया जा सकता है। यदि कोई मीटर नहीं पढ़ा जा सके तो यह औसत खपत के परिकलन के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
- बिल के भुगतान की सुविधा के लिए संबंधित क्षेत्र का निकटतम भुगतान केंद्र दिया जाना चाहिए।
- बिल में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और विद्युत लोकपाल के संपर्क विवरण भी प्रदर्शित होने चाहिए।
- यदि आवश्यक हो तो और यदि स्थान उपलब्ध हो तो महत्वपूर्ण संदेशों के प्रदर्शन के लिए स्थान भी बिल के सामने की ओर उपलब्ध होना चाहिए।

उपरोक्त विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए, एलटी आपूर्ति के लिए मानक बिलिंग प्रारूप को तैयार किया गया और अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया गया। मॉडल विद्युत बिल की मुख्य विशेषताएं उपभोक्ता का विवरण, उपभोक्ता की श्रेणी, स्वीकृत भार, बिल आधार, बिल अवधि, मीटर रीडिंग, बिल विवरण और परिकलन थे। यह सिफारिश की गई कि इस प्रारूप को हर राज्य आयोग द्वारा जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, अनुकूलित किया जा सकता है। यह भी सिफारिश की गई कि विद्युत आपूर्ति कोड जो बिलिंग प्रावधानों के अनुसार हैं, उनकी समीक्षा की जा सकती है, ताकि सभी राज्यों में सामान्य बिलिंग विशेषताओं हों।

वितरण यूटिलिटियों का प्रदर्शन

विनियामक फोरम (एफओआर) ने वितरण यूटिलिटीज के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, और इन यूटिलिटीजं के प्रदर्शन

पर विभिन्न नीति / विनियामक निर्णयों के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए अध्ययन करने का फैसला किया। विनियामक फोरम ने इस अध्ययन के आयोजन के लिए बोली की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ईवाई एलएलपी नियुक्त किया।

इस अध्ययन में, वितरण यूटिलिटीज़ के विभिन्न वित्तीय और परिचालन मुख्य प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) / पैरामीटरों की पहचान की गई और वितरण कंपनियों के प्रदर्शन के संबंध में व्यापक मूल्यांकन किया गया। वित्तीय वर्ष 2010 से वित्तीय वर्ष 2013 तक का डेटा वार्षिक लेखापरीक्षित लेखों या पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा ''2010–11 से 2012–13 की अवधि के लिए राज्य विद्युत यूटिलिटीज का प्रदर्शन'' के संबंध में रिपोर्ट से और संबद्ध एसईआरसी के एकत्रित किया गया है।

विचाराधीन वितरण यूटिलिटीज़ की एक दूसरे से तुलना की गई और चार श्रेणियों (लाभप्रदता, चैनल दक्षता, शोधन क्षमता और टेक्नो–कमर्शियल दक्षता) के आधार पर पांच श्रेणियों और संबद्ध बारह पारस्परिक रूप से अनन्य और सामूहिक रूप से संपूर्ण मापदंडों (प्रति यूनिट इनपुट ऊर्जा का लाभ, सकल मार्जिन (बिना सब्सिडी के), राजस्व और लागत के सीएजीआर में अंतर, प्राप्तियों के दिनों की संख्या, प्रतिदेयों के दिनों की संख्या, कैपेक्स और मूल्यह्रास का अनुपात, ब्याज सेवा कवरेज अनुपात, इक्विटी से ऋण का अनुपात, अचल आस्ति कवरेज अनुपात, सकल तकनीकी और वाणिज्यिक हानियां, प्रति यूनिट इनपुट ऊर्जा की कर्मचारी लागत और एटी एंड सी हानियां) में बांटा गया।

विश्लेषण के आधार पर, अध्ययन से निष्कर्ष निकला कि वितरण यूटिलिटीज के वित्तीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित उपायों को अपनाने की आवश्यकता है:

- समय पर टैरिफ युक्तिकरण
- वित्तीय रिपोर्टिंग में समय पर टैरिफ फाइलिंग और गुणवत्ता का प्रवर्तन
- विवेकपूर्ण विद्युत खरीद तंत्र
- पूंजी संरचना का अनुकूलन
- समयबद्ध तरीके से नियामक आस्तियों का परिसमापन
- परिचालन क्षमता में सुधार (तकनीकी और वितरण घाटे को कम करना)

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम (एफओआर) के प्रमुख दायित्वों में से एक विद्युत विनियामक आयोगों (ईआरसी) के कर्मियों का क्षमता निर्माण है। फोरम द्वारा वर्ष 2016–17 में निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

21–22 नवंबर, 2015 से आईआईटी कानपुर में 9वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम और उसके बाद 24–26 नवंबर, 2015 को सिंगापुर में। कार्यक्रम के दौरान शामिल मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- विद्युत क्षेत्र के लिए विनियमन का अर्थशास्त्र
- व्यवहार में नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ अवधारण
- विद्युत में खुदरा प्रतिस्पर्धा – मुद्दे और कार्यनीति
- नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों, अवधारणाओं, स्थिति और चुनौतियों के लिए बाजार
- अल्पकालिक विद्युत खरीद और निर्बाध पहुंच
- सोलर रूफटॉप– भारतीय राज्यों में नीति, विनियमन और अनुभव
- दक्षिण एशिया में प्रादेशिक विद्युत बाजार का विकास करना
- कोयला क्षेत्र में विकास – विद्युत क्षेत्र के लिए पहलू
- सिंगापुर में विद्युत क्षेत्र का विनियमन– विकास और वर्तमान आचरण
- सिंगापुर में खुदरा प्रतिस्पर्धा का कार्यान्वयन
- पवन और सौर ऊर्जा का पूर्वानुमान
- सिंगापुर/आसियान में विद्युत क्षेत्र विनियमन/विद्युत बाजार विकास
- सिंगापुर के इलेक्ट्रिक यूटिलिटीज में प्रदर्शन मानक और निगरानी
- सिंगापुर में विद्युत की संविदाएं और पावर मार्केट प्रचालन
- सिंगापुर में स्मार्ट ग्रिड परियोजना को लागू करना

25 से 26 फरवरी, 2016 तक राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हितों की सुरक्षा'' के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- उपभोक्ता शिकायतों से निपटने के लिए प्रक्रिया– मॉडल तंत्र
- दिल्ली में उपभोक्ता शिकायत निवारण अनुभव
- ग्राहक देखभाल आचरण को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप
- हरियाणा के उपभोक्ताओं की शिकायतों की चर्चा
- मानकों और प्रदर्शन का परिचय और बीआरपीएल के टर्नअराउंड की कहानी

- सीजीआरएफ के और विद्युत लोकपाल के समक्ष आने वाले महत्वपूर्ण विधिक मुद्दे
- विनियामक फ्रेमवर्क की भूमिका और उपभोक्ता वकालत को संस्थागत बनाना
- उपभोक्ता शिक्षा, सशक्तिकरण और वित्त पोषण के लिए संभावित विकल्प और कार्यनीतियां

28 से 29 मार्च, 2016 तक राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में ''विनियमों के विधिक पहलू'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विषयों को नीचे दिया गया है:

- विद्युत अधिनियम, 2003 और विनियामक उपबंधों को सक्षम करना
- वैश्विक विद्युत कारोबार और विनियमन
- सौर विनियमों के विधिक पहलू– दिल्ली सौर नीति
- अंतर–राज्य पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग
- विद्युत क्षेत्र के विनियामक मुद्दों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट और एपटेल के केस और महत्वपूर्ण निर्णय
- वितरण कंपनियों द्वारा प्रदर्शन के मानक का अनुपालन

3 2015–16 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकाय की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी)

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा इसे सौंपे गए दायित्वों का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने, विद्युत क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण पहल कीं।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के अंत तक, नवीकरणीय ऊर्जा के अधीन कुल स्थापित क्षमता 42849.38 मेगावाट थी। इसमें से पवन ऊर्जा और सौर की क्षमता क्रमशः 26866.66 मेगावाट और 6762.85 है। शेष क्षमता छोटी हाइड्रोपावर, बायोमास, कचरे से ऊर्जा आदि के बीच शेयर हुई। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य 175 गीगावॉट तक बढ़ा दिया है जिसमें 100 गीगावॉट सौर से, 60 गीगावॉट पवन से, 10 गीगावॉट बायोपावर से और 5 गीगावॉट छोटी हाइड्रोपावर से शामिल है। लक्ष्य में मुख्य रूप से 40 गीगावॉट रूफटॉप और बड़े और मध्यम पैमाने पर ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से 60 गीगावॉट शामिल होंगे। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, भारत कई विकसित देशों को पीछे छोड़ते हुए विश्व के सबसे बड़े हरित ऊर्जा उत्पादकों में से एक हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लक्ष्यों के लिए आयोग ने कई उपाय किए हैं।

आयोग ने, नवीकरणीय ऊर्जा की अनिरंतर, अनिश्चित और परिवर्तनशील प्रकृति पर विचार करते हुए, अस्थिर नवीकरणीय उत्पादन (जैसे पवन और सौर) के लिए अनुसूची से पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन से निपटने के लिए एक फ्रेमवर्क का निर्माण किया। इस फ्रेमवर्क को पवन / सौर उत्पादनकर्ता के साथ–साथ प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र द्वारा पूर्वानुमान की आवश्यकता है। केंद्रीकृत पूर्वानुमान ग्रिड प्रबंधन के दृष्टिकोण से है और संतुलन की आवश्यकताओं के आकलन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जबकि उत्पादनकर्ता द्वारा पूर्वानुमान का लक्ष्य अनुसूची से विचलन को कम करना है। आईईजीसी और डीएसएम विनियमों में परिणामी संशोधन किए गए।

भारतीय विद्युत ग्रिड कोड (आईईजीसी) के संशोधन में सौर और पवन उत्पादनकर्ता शामिल हैं जो प्रादेशिक इकाइयां हैं। इसका उद्देश्य स्थायी रूप से नवीकरणीय ऊर्जा की बड़ी मात्रा को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करना है। अनुसूचीकरण सुव्यवस्थित ग्रिड प्रबंधन का एक अनिवार्य घटक है। यह संशोधन बताता है कि प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र और उत्पादनकर्ता पूर्वानुमान के आधार पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की अनुसूची तैयार करने के लिए कैसे अंतः क्रिया करेंगे। इन अनुसूचियों को एक दिन में 16 संशोधनों तक, प्रत्येक 1.5 घंटों में संशोधित किया जा सकता है। यह पूर्वानुमान कलन विधियां की उच्चतर सटीकता सुनिश्चित करता है, जिससे ग्रिड ऑपरेटरों को इस संबंध में अधिकतम दृश्यता मिल सकती है कि वे नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड में इंजेक्ट होने की कितनी उम्मीद कर सकते हैं। यह संसाधनों के संतुलन के लिए योजना बनाने में बहुत मदद करेगा, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की अनिरंतर प्रकृति के कारण भार–उत्पादन के असंतुलन में काफी कमी आएगी। यह उत्पादनकर्ताओं को विचलन के लिए कोई भी प्रभारों को अधिकतम करने में सक्षम बनाता है, क्योंकि वे समय–ब्लॉक के समीप बेहतर पूर्वानुमान करने में सक्षम हैं।

विचलन व्यवस्थापन तंत्र (डीएसएम) विनियमों में संशोधन नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकर्ताओं को राज्य की सीमाओं के पार विद्युत के विक्रय के लिए व्यावसायिक तंत्र प्रदान करता है। एक बार उनके प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्रों के साथ विद्युत के अनुसूचीकरण आरंभ करने के बाद यह संभव होगा। यह तंत्र नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकर्ताओं को अंतर–राज्यिक बाजार में सहभागिता करने की अनुमति देता है, जिसमें उन्हें अनुसूची के अनुसार भुगतान किया जाता है और प्रादेशिक विचलन व्यवस्थापन तंत्र पूल के साथ विचलन का निपटान किया जाता है। इन स्रोतों की अनिरंतर प्रकृति का संज्ञान लेते हुए, उपलब्ध क्षमता के 15% की सहिष्णुता बैंड की अनुमति दी गई है, जिसके भीतर उत्पादनकर्ता पर कोई राजस्व प्रभाव नहीं होगा। इस त्रुटि बैंड से परे, एक श्रेणीबद्ध विचलन प्रभार लागू होगा, जिससे उत्पादनकर्ता को पूर्वानुमान विधियों की सटीकता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा, रूपरेखा को ऐसे डिजाइन किया गया है कि गेमिंग की संभावना कम से कम हो गई है।

आयोग ने केविविआ (आनुषंगिक सेवा प्रचालन) विनियम, 2015 अधिसूचित किया है। रिजर्व विनियमन आनुषंगिक सेवा (आरआरएएस) का उद्देश्य ''विनियमन अप'' सेवा (जो उत्पादन में वृद्धि के लिए नोडल एजेंसी के संकेतों या अनुदेश के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए क्षमता प्रदान करता है) और ''विनियमन डाउन'' सेवा (जो उत्पादन में कमी के लिए नोडल एजेंसी के संकेतों या अनुदेश के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए क्षमता प्रदान करता है) दोनों का समर्थन करना है।

आरआरएएस का उद्देश्य वांछित स्तर पर फ्रीक्वेंसी स्तर को बहाल करना और पारेषण नेटवर्क में संकुलन को राहत देना है। विशेष रूप से, ये विनियम देश में सहायक सेवाओं को शुरू करने की दिशा में पहला कदम है जो ग्रिड में विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करने में ग्रिड ऑपरेटर को सक्षम बनाएगा। आरआरएएस ''विनियमन अप'' सेवा (जो उत्पादन में वृद्धि के लिए नोडल एजेंसी के संकेतों या अनुदेश के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए क्षमता प्रदान करता है) और ''विनियमन डाउन'' सेवा (जो उत्पादन में कमी के लिए नोडल एजेंसी के संकेतों या अनुदेश के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए क्षमता प्रदान करता है) दोनों का समर्थन प्रदान करेगा।

आयोग ने पावर एक्सचेंजों में राउंड–द–क्लॉक संव्यवहारों के लिए विस्तारित बाजार की अनुमति दी। इसका उद्देश्य वितरण कंपनियों और उत्पादनकर्ताओं को उनकी प्रणालियों को बेहतर ढंग से प्रबंधित और संतुलित करने में मदद करना है। इससे पवन और सौर क्षमताओं के बड़े पैमाने पर एकीकरण में भी मदद मिलेगी। 24x7 उत्पाद सख्त मांग पक्ष प्रबंधन के अधीन बाजार के सहभागियों की आकस्मिक आवश्यकताओं को प्रबंधित करने के लिए महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा।

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग) विनियम, 2010 1.7.2011 से प्रभावी हुआ। इन विनियमों में राष्ट्रीय विद्युत नीति में संकल्पना के अनुसार दूरी, दिशा और प्रवाह की मात्रा के सिद्धांत पर आधारित पारेषण प्रभारों की शेयरिंग की संकल्पना की गई है। विनियमों के प्रचालन के संबंध में प्राप्त अनुभव के आधार पर, आयोग इन विनियमों (1.4.2015 को अधिसूचित) में संशोधन लाया, जिसमें पीओसी प्रभारों और हानियों के परिकलन के लिए एक पुनरीक्षित तंत्र की व्यवस्था है। इस तंत्र में अन्य बातों के साथ, लक्षित प्रदेश को दीर्घकालिक पहुंच वाले उत्पादनकर्ताओं के लिए निकासी नोड्स पर और अंतः क्षेपण नोड्स पर पारेषण प्रभारों के आबंटन शामिल है, अर्थात, किसी भी पहचाने गए लाभार्थियों के बिना, पारेषण प्रभारों का परिकलन औसत अंतःक्षेपण / आहरण के स्थान पर या तो उपयोग करने के लिए, संपर्क बिंदु दरों के लिए स्लैब में वृद्धि और तीन (3) से नौ (9) तक पीओसी के लिए अधिकतम अंतः क्षेपण / आहरण पर आधारित होगी।

हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग) विनियम, 2010 के संशोधन (दिनांक 1.4.2015 को अधिसूचित) के माध्यम से दिनांक 30.6.2017 तक आरंभ किए जाने वाले संयंत्रों के लिए सौर आधारित उत्पादन के उपयोगी जीवन के लिए अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली के उपयोग के लिए कोई भी पारेषण प्रभार और हानियां नहीं लगाए गए हैं। इसके अलावा, विश्वसनीयता लाभों के लिए विश्वसनीयता समर्थन प्रभार जो एकीकृत ग्रिड में प्रचालन के आधार पर संस्थाओं को दिया जाता है, आरंभ किया गया।

27 मार्च, 2015 को, भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय ने गैस आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता के उपयोग के लिए एक योजना को मंजूरी दी, जिसमें अन्य बातों के साथ, विद्युत प्रणाली विकास निधि के उपयोग की व्यवस्था है। इस योजना में घरेलू गैस प्राप्त करने वाले संयंत्रों के साथ–साथ असहाय गैस आधारित संयंत्रों को आयातित स्पॉट आरएलएनजी ''ई–बिड आरएलएनजी'' की आपूर्ति की संकल्पना है। यह योजना असहाय गैस आधारित संयंत्रों और घरेलू गैस प्राप्त करने वाले उन संयंत्रों के लिए पात्र है, जिनका अप्रैल–जनवरी 2014–15 के दौरान हासिल किया गया वास्तविक औसत पीएलएफ, लक्षित पीएलएफ से कम था। योजना के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए, आयोग ने 3 जुलाई, 2015 को केविविआ (विद्युत प्रणाली विकास निधि) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2015 अधिसूचित किया, जिससे विद्युत प्रणाली के विकास के हित में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत कोई भी योजना जो योजना के भाग के रूप में पीएसडीएफ से सहायत अपेक्षित करती है, पीएसडीएफ से सहायता के लिए पात्र होगी।

